**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**12.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे**

**प्रधानमंत्री– युवा नेता**

महान दार्शनिक, समाज सुधारक और आध्यात्मिक गुरू स्वामी विवेकानन्द की जयंती आज देश व प्रदेश में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। स्वामी विवेकानन्द की जयंती के उपलक्ष्य में नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित तीन दिवसीय विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 आज संपन्न हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इस कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि भारत की युवा शक्ति जल्द ही उसे एक विकसित राष्ट्र बनाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि युवा पीढ़ी सभी समस्याओं का समाधान खोज लेगी। उन्होंने कहा कि भारत समय से पहले कई क्षेत्रों में अपने लक्ष्यों को पूरा कर रहा है और पिछले एक दशक में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है।
इस कार्यक्रम के दौरान नरेन्द्र मोदी ने देश भर से आए तीन हजार गतिशील युवा नेताओं से बातचीत की। विकसित भारत संवाद ने युवा नेताओं को नीति निर्माताओं, राष्ट्रीय और वैश्विक हस्तियों से सीधे जुड़ने का अवसर प्रदान किया। साथ ही देश के भविष्य को आकार देने के लिए अपने विचार भी साझा किए।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर ज़िले में नादौन विधानसभा क्षेत्र के अमलैहड़ में राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल का शिलान्यास किया। इस स्कूल का निर्माण एक सौ 25 कनाल भूमि पर 25 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्कूल के प्राइमरी विंग को एक साल के भीतर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलाव करने जा रही है और शिक्षा में 3 अलग–अलग निदेशालय बनाने पर विचार किया जा रहा है। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने बताया कि राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूलों के माध्यम से प्रदेश सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में बदलाव की शुरूआत की है और 10 विधानसभा क्षेत्रों में इन स्कूलों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में एक ही छत के नीचे सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 2 वर्षों में सरकार ने शिक्षा विभाग में 11 हज़ार 8 सौ से अधिक पद सृजित किए हैं और 3 हज़ार से अधिक टी.जी.टी., जे.बी.टी. व सी. एंड वी. अध्यापकों की नियुक्ति की जा चुकी है।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि राज्य स्कूल शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम में भोटी भाषा को शामिल करने का मुद्दा मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से उठाया जाएगा। शिमला में आज हुए एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय बोर्ड के माध्यम से पहली से 12वीं कक्षा तक बौद्ध मठों में भिक्षुओं की पढ़ाई को मान्यता दी गई है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल के 26 मोनेस्ट्री स्कूलों में आधुनिक शिक्षा पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि हिमालयी राज्यों में भाईचारे, शांति और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए बौद्ध संस्कृति व भाषा को बढ़ावा देना ज़रूरी है।

**रक्तदान**

राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों से जुड़ी समाज सेवी संस्था प्रकाश पुंज फाउंडेशन ने आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों के अलावा अन्य लोगों ने रक्तदान किया। शिमला के ए.एस.पी. नवदीप सिंह ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया और इस पुनीत कार्य में संस्था के प्रयासों की सराहना की। संस्था के अध्यक्ष पंकज ठाकुर ने बताया कि रक्तदान से पीड़ित मानवता की सेवा की जा सकती है और दिव्यांगजनों ने रक्तदान कर समाज को एक संदेश दिया है।

......................................................